दिन–शनिवार दिनांक– 25 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने बिहार में गेहूं खरीद का लक्ष्य दस गुना बढ़ाकर एक लाख अस्सी हजार मीट्रिक टन किया। किसान पन्द्रह जून तक बेच सकेंगे गेहूं।

02. बिहार को इस वर्ष पोषण पखवाड़ा के आयोजन में देशभर में पहला स्थान प्राप्त हुआ। इकहत्तर लाख से अधिक गतिविधियों का हुआ आयोजन।

03. पटना उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा – वर्षों पुरानी मेधा सूची के आधार पर नौकरी का दावा नहीं किया जा सकता है।

04. और, प्रदेश में भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने आज औरंगाबाद, कैमूर, गया, नवादा और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर उमसभरे दिन की चेतावनी जारी की।

————————————————————

केंद्र सरकार ने बिहार में गेहूं खरीद का लक्ष्य दस गुना बढ़ाकर एक लाख अस्सी हजार मीट्रिक टन कर दिया है। इससे पहले राज्य का लक्ष्य सिर्फ अठारह हजार मीट्रिक टन था। खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार अब सहकारिता विभाग को एक लाख तीस हजार मीट्रिक टन और एफसीआई को पचास हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का नया लक्ष्य दिया गया है। गौरतलब है कि राज्य में एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू हुई थी। पैक्स, व्यापार मंडलों और एफसीआई की ओर से अब तक लगभग सत्रह हजार पांच सौ मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। गेहूं अधिप्राप्ति की अंतिम तिथि पन्द्रह जून तक निर्धारित है।

————————————————————

बिहार को इस वर्ष पोषण पखवाड़ा के आयोजन में देशभर में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। बाल विकास परियोजना निदेशालय की ओर से पटना के ज्ञान भवन में आयोजित पोषण पखवाड़ा के समापन समारोह में उप मुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पखवाड़े के दौरान राज्य में इकहत्तर लाख से अधिक गतिविधियां आयोजित की गई। श्री यादव ने कहा कि पोषण पखवाड़ा के माध्यम से मातृ और शिशु पोषण पर विशेष बल दिया गया, ताकि कोई भी माँ कमजोर न रहे और कोई भी बच्चा कुपोषण का शिकार न हो।

———साउंड बाईट———

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री यादव ने प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा के तहत छह वर्ष पूर्ण कर चुके बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये समाज कल्याण विभाग की सचिव बंदना प्रेयषी ने कहा कि पिछले एक साल में आईसीडीएस के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पोषण के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम दिख रहे हैं।

–––साउंड बाईट–––

————————————————————————

पटना नगर निगम में स्वच्छ सर्वेक्षण दो हजार छब्बीस के तहत आज से स्वच्छता का जमीनी आकलन शुरू हो रहा है। केंद्रीय टीम इकतीस मई तक शहर की सफाई व्यवस्था की जांच करेगी। इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण की थीम 'स्वच्छता की नई पहल– बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ' है। इसके तहत कुल बारह हजार पांच सौ अंकों के आधार पर रैंकिंग तय होगी। सर्वेक्षण में कचरा प्रबंधन, दृश्य स्वच्छता और जनभागीदारी प्रमुख मापदंड हैं। पिछली बार स्वच्छता सर्वेक्षण में पटना नगर निगम देशभर में इक्कीसवें स्थान पर था।

————————————————————————

भारतीय रिज़र्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड का बैंकिंग लाइसेंस रद्द कर दिया है। इससे बैंक के कारोबार पर तत्काल प्रभाव से पाबंदी लग गई है। रिज़र्व बैंक ने मार्च दो हजार बाईस में, बैंक को नए ग्राहक जोड़ने पर रोक लगा दी थी। वर्ष दो हजार चौबीस में भी बैंक पर अतिरिक्त व्यावसायिक प्रतिबंध के तहत मौजूदा ग्राहक खातों और प्रीपेड उपकरणों में किसी भी प्रकार की जमा, क्रेडिट और टॉप–अप पर रोक लगा दी गई थी।

————————————————————————

भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त कार्यालय ने जनगणना के लिए देशभर में टोल फ्री नंबर– एक आठ पांच पांच जारी किया है। इस हेल्पलाइन से मकान सूचीकरण और आवास जनगणना संबंधी मार्गदर्शन लिया जा सकेगा है। ये सूचना क्षेत्रीय भाषाओं और अंग्रेजी में उपलब्ध होगी। गौरतलब है कि मकान सूचीकरण और गणना का कार्य दो मई से शुरू होकर इकतीस मई तक चलेगा। इस दौरान जनगणना कर्मी घर–घर जाकर प्रत्येक परिवार से तैंतीस प्रश्नों का उत्तर प्राप्त करेंगे।

————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने पंचायत और प्रखंड शिक्षक नियुक्ति मामले में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुये कहा कि वर्षों पुरानी मेधा सूची के आधार पर नौकरी का दावा नहीं किया जा सकता है। मुख्य न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू और न्यायमूर्ति हरीश

कुमार की खंडपीठ ने इस संबंध में दायर दर्जनों अपील को खारिज करते हुए राज्य सरकार के फैसले को सही ठहराया। वहीं, एक अन्य फैसले में न्यायालय ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम के तहत तलाक की डिक्री तभी दी जा सकती है, जब पति—पत्नी कम से कम एक वर्ष तक अलग रह चुके हों। न्यायमूर्ति नानी तागिया और न्यायमूर्ति आलोक कुमार पांडेय की खंडपीठ ने कहा कि इस अनिवार्य शर्त के अभाव में तलाक की अनुमति नहीं दी जा सकती।

————————————————————

बहुचर्चित अलकतरा घोटाले के उनतीस साल पुराने मामले में सीबीआई की अदालत ने चार दोषियों को सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत ने भ्रष्टाचार और सरकारी संपत्ति के गबन के मामले में मेसर्स विनय सिन्हा सहित सभी दोषियों को तीन—तीन साल सश्रम कारावास की सजा के साथ— साथ सभी पर अर्थदंड भी लगाया।

————————————————————

प्रदेश में भीषण गर्मी से आम जनजीवन प्रभावित हुई है। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों तक भीषण गर्मी का दौर जारी रहेगा। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज औरंगाबाद, कैमूर, गया, नवादा और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर लोगों को उमसभरी गर्मी का सामना करना पड़ेगा। वहीं, पूर्वी चम्पारण, किशनगंज, मधुबनी, शिवहर सीतामढ़ी और सुपौल जिले में एक दो स्थानों पर मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान चौवालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास जिले का डेहरी प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। कैमूर के भभुआ का अधिकतम तापामन तैंतालीस दशमलव चार, गयाजी का बयालीस दशमलव छह, शेखपुरा का बयालीस दशमलव पांच, औरंगाबाद का बयालीस दशमलव दो, छपरा का इकतालीस दशमलव दो और राजगीर, पटना तथा जहानाबाद का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया।

————————————————————

आज जानकी नवमी है। माता जानकी के प्राकट्य दिवस के अवसर पर यह दिन मनाया जाता है। इस अवसर पर माता सीता की जन्म स्थली सीतामढ़ी में आज से दो दिवसीय सीतामढ़ी महोत्सव की शुरूआत हो रही है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मोहत्सव का उद्घाटन करेंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से—

———साउंड बाईट———

मां जानकी के जन्मोत्सव पर सीतामढ़ी में उत्साह चरम पर है। चारों ओर मंगल गीत, सोहर और जय सियाराम के जयघोष से वातावरण गुंजायमान है। इस अवसर पर आयोजित दो दिवसीय सीतामढ़ी महोत्सव का

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर श्री चौधरी वेदांत पुष्प नामक पुस्तक का विमोचन भी करेंगे। मुख्यमंत्री पुनौराधाम में प्रस्तावित भव्य मंदिर निर्माण कार्य का निरीक्षण करेंगे और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। सीतामढ़ी महोत्सव में बॉलीवुड गायक अभिजीत भट्टाचार्य, दीपक ठाकुर, प्रिया मल्लिक समेत कई दिग्गज कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए सीतामढ़ी से राजेश कुमार।

जानकी नवमी पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैय्यद अता हसनैन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————

जमुई जिले की पुलिस ने अपहरण और फिरौती से जुड़े मामले में उत्पाद विभाग के दो सहायक उप निरीक्षक और दो होमगार्ड जवानों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से फिरौती के रूप में वसूले गये डेढ़ लाख रुपये भी बरामद किये गये हैं। गिरफ्तार चारों आरोपी पकरीबरावां उत्पाद थाने में पदस्थापित थे। इन सभी पर शराब के नशे में तीन लोगों को पकड़ कर उनके परिजनों से रूपये लेकर छोड़ने का आरोप है।

———————————————————

गोपालगंज जिले के भोरे थाना क्षेत्र के लाला छापर बाजार में एक आभूषण दुकान में लूट की घटना के दौरान अपराधियों की गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि आक्रोशित लोगों ने घटना में शामिल दो अपराधियों को पीट–पीट कर मार डाला। हमारे संवाददाता ने बताया कि हथियारबंद अपराधियों ने दुकान में लूट की कोशिश की। दुकानदार के विरोध करने पर लुटेरे फायरिंग करते हुए भागने लगे। इस घटना में अपराधियों की गोली से एक युवक की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। घटना के बाद अपराधियों का पीछा कर रहे आक्रोशित लोगों ने दो लुटेरे को पीट–पीट कर मार डाला। पुलिस ने बताया कि दो अन्य अपराधियों और एक ग्रामीण का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

———————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा एकीकृत इकहत्तरवीं संयुक्त मुख्य लिखित प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन आज से शुरू हो गया है। परीक्षा का आयोजन पटना के बाईस केन्द्र पर तीस अप्रैल तक होगा।

———————————————————

पटना–दीन दयाल उपाध्याय रेलखंड पर नेऊरा स्टेशन के पास नन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते आज और कल सात पैसेंजर ट्रेन को रद्द किया गया है। वहीं, बावन एक्सप्रेस ट्रेन का मार्ग परिवर्तित किया गया है। इसके अलावा दानापुर–बक्सर पैसेंजर, पाटलिपुत्र– लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस समेत कई रेलगाड़ियों को तीस से एक सौ

अस्सी मिनट तक पुनर्निर्धारित कर चलाया जायेगा। इस बीच, यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुये रेलवे सहरसा, रक्सौल, गोमो से स्पेशल ट्रेन का परिचालन कर रहा है। वहीं, उधना से दानापुर और जयनगर के लिए भी कल से स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा।

———————————————————

पटना के अलग–अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने छापेमारी कर एक करोड़ अस्सी लाख रूपये मूल्य की प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

समस्तीपुर जिले के रोसड़ा थाना क्षेत्र के ढरहा स्थित मध्य विद्यालय परिसर में स्थापित मां दुर्गा की मंदिर से चोरों ने चांदी के आभूषणों सहित अष्टधातु की पांच मूर्तियां चुरा लीं।

———————————————————

सासाराम जिले के दरिगांव थाना क्षेत्र के करपुरवा गांव के पास आपसी वर्चस्व को लेकर दो पक्षों के बीच हुई गोलीबारी में एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गये। इस मामले में पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है।

———————————————————

कटिहार जिले के कदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत जाजा पंचायत के उफरैल गांव में एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो भाइयों की मौत हो गई।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के विधानसभा में विश्वासमत हासिल करने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रस्ताव को सदन ने ध्वनिमत से पारित किया। कहा– नीतीश कुमार को कोई नहीं हटा सकता।

दैनिक जागरण ने इसी खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– विश्वासमत प्राप्त करने के बाद सीएम सम्राट ने की घोषणा। क्राईम, करप्शन और कम्युनलिज्म से कोई समझौता नहीं।

दैनिक भास्कर ने पश्चिम एशिया संघर्ष पर लिखा है– शांति वार्ता पर ईरान की ना अब हां में बदली, पाक पहुंचा दल।

प्रभात खबर की सुर्खी है– आतंकी संगठन से जुड़ा समस्तीपुर का युवक गिरफ्तार। राष्ट्रीय सागर के शब्द है– भाजपा में शामिल हुये राघव चड्डा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल। आज अखबार लिखता है– आरबीआई ने रद्द किया पेटीएम पेमेंट्स बैंक का लाईसेंस।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. केंद्र सरकार ने बिहार में गेहूं खरीद का लक्ष्य दस गुना बढ़ाकर एक लाख अस्सी हजार मीट्रिक टन किया। किसान पन्द्रह जून तक बेच सकेंगे गेहूं।

02. बिहार को इस वर्ष पोषण पखवाड़ा के आयोजन में देशभर में पहला स्थान प्राप्त हुआ। इकहत्तर लाख से अधिक गतिविधियों का हुआ आयोजन।

03. पटना उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा – वर्षों पुरानी मेधा सूची के आधार पर नौकरी का दावा नहीं किया जा सकता है।

04. और, प्रदेश में भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने आज औरंगाबाद, कैमूर, गया, नवादा और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर उमसभरे दिन की चेतावनी जारी की।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।